# बिलौआ में अम्बेडकर की प्रतिमा खंडित होने पर उपद्रव

## देररात प्रशासन व पुलिस अफसरों की सूझबूझ से टला विवाद

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,05फरवरी।** बिलौआ में असामाजिक तत्वों द्वारा डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा खंडित कर दी गई। जब अनुयायियों को इसका पता लगा, तो वह आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस प प्रशासनिक अफसरों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए उन्हें शांत करते हुए तुरंत प्रतिमा मंगवाकर उसका अनावरण करवाया, जिससे विवाद टल गया। अन्यथा माहौल बिगड़ सकता था। जानकारी के मुताबिक बिलौआ के जाटव मोहल्ला स्थित पार्क में बीती सुबह जब वहां का चौकीदार पहुंचा, तो पार्क में लगी डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का हाथ टूटा देखरक चौंक गया। वहीं इसका पता लगने पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों सहित भीम आर्मी व अन्य संगठनों के



पदाधिकारी वहां पहुंच गए। जो घटना पर आक्रोश जताते हुए आंदोलन की रूपरेखा बनाने लगे। उक्त घटना का पता लगते हुए बिलौआ टीआई इला टंडन ने सीनियर ऑफिसर्स को घटना की जानकारी दी तथा स्वयं तत्काल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचीं। जिन्होंने वहां मौजूद प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्वक बात करने का प्रयास



किया, लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार नहीं थे। उनकी मांग थी, कि उक्त कृत्य करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मौके की नजाकत को भांपते हुए पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई।

**प्रतिमा मंगवाकर शाम को करवाया अनावरण:** एफआईआर दर्ज होन के बावजूद लोगों का आक्रोश नहीं थमा, जिस पर वहां मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अफसरों द्वारा तत्काल वहां नई प्रतिमा लगवाने का आश्वासन दिया गया। वहीं देर शाम झांसी से प्रतिमा मंगवाई गई, जिसका रात में ही अनावरण करवाया गया। इसके बाद मामला शांत हो गया। बहरहाल अफसरों की समझदारी से बड़ा बवाल होने से बच गया, अन्यथा माहौल खराब हो सकता था।

वहीं दूसरी ओर बिलौआ थाना पुलिस पर विगत रोज खदान विवाद में ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाले आरोपियों को वीआईपी ट्रीटमेंट देने के आरोप लगे हैं। दरअसल डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा खंडित हो जाने से थाने का पूरा स्टाफ वहां पहुंच गया था. वहीं थाने में कोई वाहन भी नहीं था। इसी दौरान फायरिंग के आरोपियों की रिमांड अवधि खत्म होने के कारण उन्हें कोर्ट पहुंचाया जरूरी था। ऐसे में थाने में मौजूद दरोगा प्रायवेट वाहन हायर कर उससे आरोपियों को डबरा कोर्ट ले गए। जब वहां मौजूद लोगों ने आरोपियों को निजी वाहन से उतरते देखा, तो वह हकीकत जाने बिना ही पुलिस पर आरोपियों को वीआईपी ट्रीटमेंट देने का आरोप लगाने लगे।

**इनका कहना है...**

डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा खंडित हो गई थी, नई प्रतिमा मंगवाकर अनावरण करवा दिया गया है। वहीं फायरिंग के आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर उन्हें समय पर कोर्ट पहुंचाना आवश्यक था, चूंकि थाने में पुलिस वाहन नहीं था, इसलिए किराए की गाड़ी से उन्हें कोर्ट ले जाया गया। वीआईपी ट्रीटमेंट का तो सवाल ही नहीं उठता।

**इला टंडन टीआई, बिलौआ**

# जिंसी नाला रोड पर 'डबल' अतिक्रमण की मार

## जनता का निकलना हुआ दूभर

**संजीव कुमार शर्मा**

**ग्वालियर,05फरवरी।** शहर के प्रमुख और व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक 'जिंसी नाला रोड' इन दिनों अवैध कब्जे और अतिक्रमण की गिरफ्त में है। छप्पर वाले पुल के पास की स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि यहाँ से दोपहिया वाहन निकालना भी एक चुनौती बन गया है। सड़क के दोनों ओर हुए भारी अतिक्रमण ने आम राहगीरों का जीना मुहाल कर दिया है।

**एक तरफ अतिक्रमण, दूसरी तरफ कारों का मेला:** स्थानीय निवासियों और राहगीरों की शिकायत है कि इस मार्ग पर अतिक्रमण के दो मुख्य कारण हैं एक तरफ छप्पर और घास के पुतले बनाने वालों ने कब्जा जमा रखा है। इन्होंने न केवल फुटपाथ बल्कि सड़क का आधा हिस्से में अपना सामान रखने के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। वही दूसरी तरफ सड़क के एक



बड़े हिस्से पर स्थित कार शोरूम के कारण सैकड़ों नई और पुरानी गाड़ियाँ सड़क पर ही खड़ी रहती हैं। कमर्शियल शोरूम होने के बावजूद अपनी पार्किंग का उचित प्रबंध न करना अब जनता के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

**घंटों लगता है जाम, दुर्घटनाओं का डर:** सड़क के दोनों तरफ से घिर जाने के कारण मार्ग की चौड़ाई आधी से भी कम रह गई है। व्यस्त समय में यहाँ घंटों जाम लगा रहता है। एम्बुलेंस और स्कूली बसें भी यहाँ अक्सर फंसी रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

क्षेत्र के नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर खड़े होने वाले कमर्शियल वाहनों पर भारी जुर्माना लगाया जाए। सामान सड़क पर रखने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई हो। नियमित रूप से 'एंटी-एनक्रोचमेंट' (अतिक्रमण विरोधी) अभियान चलाया जाए ताकि सड़क का स्वरूप वापस मिल सके।

**इनका कहना है...**

अतिक्रमण किसी भी शहर की रफ्तार को रोकता है। जब व्यावसायिक हित जनता की सुविधा पर हावी होने लगें, तो प्रशासन की चुप्पी सवाल खड़े करती है।

**विक्रम राणा**



# अवैध गिट्टी का परिवहन करते दो डंपर जब्त

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 05 फरवरी।** अवैध खनिज का परिवहन करने वालों के खिलाफ कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान के निर्देश पर कडी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर आज सुबह गिटटी का अवैध रूप से परिवहन करने वाले दो डंपरों को जब्त कर उन्हें बिलौआ थाने की अभिरक्षा में रखवाया गया है।

कलेक्टर रूचिका चौहान के निर्देश पर खनिज अधिकारी श्री घनश्याम सिंह यादव द्वारा बिलौआ के पास चैकिंग के दौरान दो डंपर उन्हें गिटटी भरकर ले जाते हुए मिले। इन दोनों डंपरों के चालकों से जब रायल्टी की रसीद मांगी गई तो वह नहीं दिखा पाए। इसके चलते दोनों डंपरों को जब्त कर बिलौआ थाने की अभिरक्षा में रखवाया गया है।

# वारदात से पहले दबोचा अवैध हथियारधारी बदमाश

## आरोपी के कब्जे से 315 बोर का लोडेड कट्टा जब्त

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 05 फरवरी।** वारदात की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूम रहे बदमाश को महाराजपुरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पहले ही धर दबोचा, जिसके कब्जे से 315 बोर का लोडेड कट्टा बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने व खरीद-फरोख्त



करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में महाराजपुरा थाना पुलिस को बुधवार दोपहर सूचना मिली थी, कि गालव सिटी महाराजपुरा के पीछे पानी की टंकी के पास एक युवक अवैध हथियार लिए हुए खड़ा है। उक्त जानकारी एएसपी विदिता डागर को दिए जाने पर उन्होंने महाराजपुरा सीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार के स्थान पर पहुंचाया। जिसने वहां मौजूद संदिग्ध युवक को धर दबोचा। जिसकी तालाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का लोडेड कट्टा जब्त हुआ। आरोपी को थाने लाकर की गई पूछताछ में उसने अपना नाम नरेंद्र धानुक पुत्र रामसिया धानुक (28) निवासी डिडौना थाना गोरमी जिला भिंड बताया है। जिसके खिलाफ पुलिस द्वारा धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

## कैग की रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपी, विधानसभा में रखी जाएगी

**ग्वालियर, 5 फरवरी।** देश के नियंत्रक महालेखा परीक्षक द्वारा राज्य शासन के विभागों से सम्बन्धित प्रतिवेदन को आज प्रदेश के राज्यपाल को सौंपा गया है। यह रिपोर्ट राज्य विधान मंडल के पटल पर रखी जाएगी। प्रधान महालेखाकार लेखा परीक्षा प्रथम ग्वालियर के उपमहालेखाकार प्रशासन ने बताया कि मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष तक प्रदेश शासन के विभागों पर खण्ड एक एवं खण्ड दो में निष्पादन एवं अनुपालन लेखा परीक्षा के परिणाम शामिल हैं। यह रिपोर्ट राज्यपाल के प्रमुख सचिव एवं अपर मुख्य सचिव वित्त को प्रस्तुत की गई है जिसे विधानसभाओं में प्रस्तुत की जाएगी।



# कवियत्री मंत्रिता शर्मा की रचनाओं में गूँजा 'राम' नाम

## भक्ति और राष्ट्र शक्ति का अनूठा वर्णन

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,05फरवरी।** अध्यात्म और काव्य के क्षेत्र में शहर का उभरता हुआ नाम बनती जा रही हैं बाल कवियत्री मंत्रिता शर्मा नहीं ग्वालियर व्यापार मेला के मंच पर अपनी नवीनतम काव्य रचना से एक बार फिर से जन-मानस को राममय कर दिया है। उनकी पंक्तियाँ न केवल धार्मिक आस्था को दर्शाती हैं, बल्कि 'राम' को राष्ट्र की शक्ति और जीवन के आधार के रूप में स्थापित करती हैं। **कविता का सार: कण-कण में राम:** मंत्रिता शर्मा की इस रचना में राम को केवल एक नाम नहीं, बल्कि जीवन की 'अमिट तरंग' और 'प्राण' बताया गया है। उनकी कविता के कुछ मुख्य अंश समाज में चर्चा का विषय बने हुए हैं, कवियत्री ने पक्षियों के कलरव और नदियों के जल में भी प्रभु राम की उपस्थिति का अनुभव साझा किया है। राम को 'सच्चिदानंद' और 'सत्य सनातन धर्म' का प्रतीक बताते हुए उन्होंने घट-घट में उनके वास की बात कही है। कविता का सबसे सशक्त पक्ष वह है जहाँ राम को 'संपूर्ण राष्ट्र की शक्ति' के रूप में परिभाषित किया गया है।

**काव्य के विशेष अंश** राम ही भक्ति में, राम ही मुक्ति में, राम ही इस संपूर्ण राष्ट्र की शक्ति में। राम मेरी आत्मा है, राम मेरे प्राण हैं, मेरी हर श्वांस में बस राम राम राम है। **साहित्यिक गलियारों में चर्चा:** साहित्य प्रेमियों का मानना है कि मंत्रिता शर्मा की यह रचना आधुनिक समय में सनातन मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना को जगाने का कार्य कर रही है। उनकी सरल शब्दावली और गहरे भाव पाठकों को सीधे अपनी जड़ों से जोड़ते हैं।





एक्सचेंज बोनस ₹2500/-*

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक | HDFC BANK | FESTIVE TREATS | SBI card | क्रेडिट कार्ड | Powered by pine labs

एक्स-शोरूम कीमत ₹84,811#

फ्यूचर एक्सपीरियंस करें

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

Hero GoodLife | Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

अधिकृत डीलरः ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलरः अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, अमानगंज: असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787.

FCB INTERFACE/8486/JANUARY26/HINDI


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95